डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान

[स्रोत: द हिंदू]

असम स्थित **डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान (Dibru-Saikhowa National Park- DSNP)** में देशी और आक्रामक पौधों की प्रजातियों के कारण महत्त्वपूर्ण पारिस्थितिक परिवर्तन हो रहे हैं।

प्रमुख खतरे:

- **आक्रामक पौधे:** क्रोमोलेना ओडोराटा, एगेरेटम कोनीज़ोइड्स, पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस और मिकानिया माइक्रांथा जैसी प्रजातियाँ देशी वनस्पतियों को प्रतिस्थापित कर देती हैं, घास के मैदानों को क्षति पहुँचाती हैं, और **उन पर निर्भर जीव-जंतुओं के लिये खतरा पैदा करती** हैं।
- **देशी घासभूमि के अतिक्रमणकर्त्ता: बॉम्बैक्स सीबा** (सिमालू) और **लैगरस्ट्रोमिया स्पेशिओसा** (अजार) प्राकृतिक वनस्पति को परिवर्तित कर देते हैं, जिससे झाड़ीदार भूमि और क्षतिग्रस्त वन क्षेत्र में वृद्धि होती है।
- **बाढ़ और मानवीय दबाव: ब्रह्मपुत्र नदी में बार-बार आने वाली बाढ़**, वन ग्राम की मौजूदगी, चराई और संसाधनों का दोहन मृदा अपरदन (Soil Erosion), **आवासों का विखंडन (Fragmentation)** और **जैव विविधता की हानि को तेज़ी से बढ़ा** रहे हैं।
- **भूमि उपयोग और आवरण में परिवर्तन (2000–2024):** घासभूमियों और अर्द्ध-सदाबहार वनों का झाड़ीदार भूमि और क्षतिग्रस्त वनों में रूपांतरण हुआ है, जिससे स्थानीय और घासभूमि पर निर्भर प्रजातियों — जैसे **बंगाल फ्लोरिकन**, **हॉग डियर**, और **स्वैम्प ग्रास बैबलर** — के आवास घटते जा रहे हैं। इसके अलावा लगभग **200 बचे हुए स्थानीय जंगली घोड़ों** (Feral Horses) के अस्तित्व पर भी संकट मंडरा रहा है।

डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान (DSNP)

- **स्थिति: DSNP असम** में स्थित है, यह **ब्रह्मपुत्र और लोहित नदियों (उत्तर)** और **डिब्रू नदी (दक्षिण)** से घिरा हुआ है।
- **बायोस्फीयर रिज़र्व:** वर्ष 1997 में [यूनेस्को] ने इस क्षेत्र को [बायोस्फीयर रिज़र्व] के रूप में नामित किया।
- **वनस्पति एवं जलवायु: अर्द्ध-सदाबहार, पर्णपाती, तटीय, दलदली और आर्द्र सदाबहार वन,** जिनमें पूर्वोत्तर **भारत का सबसे बड़ा सैलिक्स दलदली वन** भी शामिल है।
    - यहाँ **उष्णकटिबंधीय मानसूनी जलवायु** पाई जाती है, जिसमें **उष्ण और आर्द्र ग्रीष्मकाल तथा शीत और शुष्क शीत काल** होती हैं।
- **वनस्पति एवं जीव-जंतु:**
    - **वनस्पति:** डिलेनिया इंडिका, बिशोफिया जावानिका, बॉम्बैक्स सीबा, लेगरस्ट्रोमिया परविफ्लोरा।
    - **जीव-जंतु: बाघ, हाथी, तेंदुआ, जंगली बिल्ली, भालू, छोटा भारतीय सिवेट, गिलहरी, गंगा डॉल्फिन, स्लो लोरिस, असमिया मकाक।**
    - यह एक **महत्त्वपूर्ण पक्षी क्षेत्र (IBA)** है, जिसमें 382 से अधिक पक्षी प्रजातियाँ हैं, जिनमें **बड़े और छोटे एडजुटेंट स्टॉर्क, बड़े क्रेस्टेड ग्रीब** शामिल हैं।

नोट:

- **असम में 7 राष्ट्रीय उद्यान हैं:**
    - [काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान]
    - [मानस]
    - [डिब्रू-सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान]
    - नामेरी
    - [ओरांग]
    - [देहिंग पटकाई]
    - [रायमोना]

और पढ़ें: [राष्ट्रीय उद्यानों में ड्रलिगि: चिंता का विषय]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dibru-saikhowa-national-park